# हरियाणा विधान सभा

**(26 दिसंबर, 2022 को होने वाली हरियाणा विधानसभा की बैठक में पूछे जाने वाले)**

**अतारांकित प्रश्न**

## 26 दिसंबर, 2022

----

**कुल प्रश्न** - 40

----

### वन विभाग से एन.ओ.सी. (अनापत्ति प्रमाण पत्र) जारी करना

1 **श्री अमरजीत ढांडा (जुलाना):**

क्या वन मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि जुलाना निर्वाचनक्षेत्र के गांव जुलाना से रिंडाना वाया लिजवाना कलां की सड़क की मरम्मत के संबंध में अनापत्ति पत्र लेने के लिए आवेदन वन विभाग के पास पिछले डेढ़ वर्ष (03.03.2021) से लम्बित है तथा जिस कारण से मरम्मत कार्य अब तक आरम्भ नहीं हुआ है जबकि लोक निर्माण विभाग से निधियां पहले ही जारी हो चुकी हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो वन विभाग द्वारा उक्त एन.ओ.सी. (अनापत्ति प्रमाण पत्र) कब तक जारी किए जाने की संभावना है ताकि उक्त मरम्मत कार्य को निष्पादित किया जा सके ?

----

### जुलाना कस्बे का मास्टर प्लान स्वीकृत करना

2 **श्री अमरजीत ढांडा (जुलाना):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि जिला प्रशासन द्वारा अग्रेषित जुलाना कस्बे के मास्टर प्लान के सरकार द्वारा कब तक स्वीकृत किए जाने की संभावना है ?

----

## जल भराव की समस्या का समाधान करना

3 **श्री जगबीर सिंह मलिक (गोहाना):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि गोहाना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के लाठ, खानपुर कलां, तथा मोई गांवों से गुजरने वाली मुख्य सड़कें पिछले एक वर्ष से गंदे पानी से जलमग्न हैं; तथा
(ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त समस्या का समाधान करने के लिए कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## अनुसूचित जातियों तथा पिछडे़ वर्गों के छात्रों को छात्रवृत्ति

4 **श्री जगबीर सिंह मलिक (गोहाना):**

क्या अनुसूचित जातियों तथा पिछडे वर्गों के कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि राज्य में सरकार द्वारा अनुसूचित जातियों तथा पिछडे वर्गों से संबंधित 8 वीं कक्षा से नीचे पढ़ने वाले बी.पी.एल. कार्ड धारक छात्रों की छात्रवृत्ति वापिस ले ली गई है; यदि नहीं, तो उपरोक्त छात्रों को किस महीने तक छात्रवृत्ति का भुगतान किया गया है ?

----

## पेगासस सॉफ्टवेयर की खरीद

5 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या गृह मंत्री कृपया बताएंगें कि-

(क) इजराईल में मई, 2018 में हरियाणा पुलिस के आई एस अधिकारियों की टुकड़ी (सैन्यदल) की यात्रा का उद्वेश्य क्या था तथा क्या उक्त टुकड़ी (सैन्यदल) खुफिया एजेंसी मोसाद से मिला था;
(ख) क्या राज्य सरकार ने इजराइली कम्पनी एस एस ओ गु्रप से पेगासस सॉफ्टवेयर प्राप्त किया है; तथा
(ग) उन अधिकारियों का ब्यौरा क्या है जो उक्त दौरे पर गये थे।
(घ) उक्त यात्रा पर कितनी राशि खर्च हुई तथा पेगासस सॉफ्टवेयर प्राप्त करने पर कुल कितनी राशि खर्च की गई तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों द्वारा दिया जाने वाले विवेकाधीन अनुदान

6 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) उन संस्थानों/संगठनों के नाम क्या हैं जिन्हें माननीय मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्रियों

द्वारा मई, 2015 से 31 अक्तुबर, 2022 तक स्वैच्छिक अनुदान दिए गए हैं; तथा स्वैच्छिक अ‌ुनदान का पृथक-पृथक ब्यौरा क्या है;
(ख) उन संगठनों की कुल संख्या कितनी है जिनके द्वारा उपयोग प्रामण-पत्र प्रस्तुत किए गए हैं तथा ऐसे संगठनों के विरूद्ध की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है जिनके द्वारा उक्त प्रमाण पत्र अब तक प्रस्तुत नहीं किए गए हैं; तथा
(ग) उपयोग प्रमाण पत्रों की जांच के लिए प्रावधानों का ब्यौरा क्या है ?

----

## जल घरों का निर्माण करना

7 **श्री कुलदीप वत्स (बादली)ः**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 2019 में सरकार द्वारा जल जीवन मिशन आरम्भ किया गया था परन्तु बादली विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव तुम्बाहेड़ी के निवासी पीने का पानी उपलब्ध न होने के कारण दूषित तथा खारा पानी परने को मजबूर हैं; तथा
(ख) यदि हां, तो क्या तुम्बाहेडी-बाबेपुर सडक पर उपलब्ध 20-25 एकड पंचायती भूमि पर एक विशेष जलघर बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ताकि उक्त जलघर से आसपास के 8-10 गांवों के लोगों को भी पानी का पानी मिलेगा तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## जल घरों का निर्माण करना

8 **श्री कुलदीप वत्स (बादली)ः**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि बादली विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव तुम्बाहेडी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में सरकार द्वारा न कोई चिकित्सक न ही कोई सहायक/अन्य अमला नियुक्त किया गया है; तथा
(ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों तथा सहायक अमला नियुक्त करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण

9 **डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा (जींद)ः**

९. श्री कृष्ण लाल मिढढा, एम.एल.ए.रू क्या चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री कृपया बताएंगे कि जींद में चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण कार्यों के चरणों का ब्यौरा क्या है

जो अब तक पूरे किए जा चुके हैं तथा उपरोक्त चिकित्सा महाविद्यालय के कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है ?

----

## गांवों में निर्मित पुस्तकालयों की कुल संख्या

10 **डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा (जींद):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या राज्य में वित्तीय वर्ष 2021-22 तथा 2022-23 के दौरान ग्राम स्तर पर निर्मित पुस्तकालयों की कुल संख्या कितनी है तथा उनका ग्रामवार ब्यौरा क्या है ?

----

## सोलर फेंसिंग लगाना

11 **श्री प्रदीप चौधरी (कालका):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या कालका विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में सोलर फेसिंग लगाने के संबंध में कोई योजना सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त योजना से किसानों के कब तक लाभान्वित होने की संभावना है ?

----

## पूर्व सरपंचों की पैंशन जारी करना

12 **श्री प्रदीप चौधरी (कालका):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि रायपुर रानी खण्ड के पूर्व सरपंचों की गत दो वर्षों से लंबित पैंशन सरकार द्वारा कब तक जारी किए जाने की संभावना है तथा देरी के कारण क्या हैं ?

----

## चालक प्रशिक्षण स्कूल का निर्माण कार्य पूरा करना

13 **चौ. आफताब अहमद (नुहं):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) गत 8 वर्ष के दौरान जिला नूंह के गांव छपेरा में चालक प्रशिक्षण स्कूल खोलने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं;
(ख) उपरोक्त परियोजना के लिए सरकार द्वारा कितना बजट आबंटित किया गया है;
(ग)) क्या उपरोक्त परियोजना को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा कोई समय सीमा निश्चित की गई है; यदि हां, तो उक्त परियोजना के कब तक पूरा किये जाने की संभावना है; तथा
(घ) उपरोक्त परियोजना के मास्टर प्लान का ब्यौरा क्या है ?

----

## राष्ट्रीय राजमार्ग को चारमार्गी करना

14 **चौ. आफताब अहमद (नुहं):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृप्या बताएंगे कि क्या राष्ट्रीय राजमार्ग 248 ए को नूंह से अलवर (राजस्थान सीमा) तक चारमार्गी करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है ?

----

## चेन तथा पर्स छीनने की घटनाओं की संख्या

15 **श्री भारत भूषण बत्रा ( रोहतक):**

क्या गृह मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) गत 6 महीनों के दौरान रोहतक शहर में चेन तथा पर्स छीनने की कितनी घटनाएं हुई तथा सरकार द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों की संख्या कितनी है तथा उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) चेन छीनने के कारण सरकार द्वारा पंजीकृत एफ.आई.आर. संख्या 366 दिनांकित 14.09.2022. की वर्तमान स्थिति क्या है तथा क्या अपराधी की गिरफ्तारी हुई है या कोई वसूली की गई है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## हॅाट मिक्स प्लाटों के उल्लघंन पर कार्यवाही

16 **श्री राकेश दौलताबाद (बादशाहपुर):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगें कि

(क) क्या यह तथ्य है कि हरियाणा सरकार के पर्यावरण विभाग की अधिसूचना संख्या. एस. ओ. 104/सी. ए./29/1986 एस.एस तथा 7/2010 के अन्तर्गत उपलब्ध कराई गई अपेक्षित न्यूनतम भूमि तथा दूरी जिला गुरूग्राम तथा आसपास के स्थापित हॅाट-मिक्स प्लाटों द्वारा पालना की गई है तथा उसका ब्यौरा क्या है;

(ख) उन हॅाट-मिक्स प्लाटों का ब्यौरा क्या है जिन्होंने ऊपर वर्णित अधिसूचना की उल्लघंना की है;

(ग) उपरोक्त उल्लघंन कर्ताओं के विरूद्व सरकार द्वारा क्या शास्तियां लगाई गई या विपरीत कार्यवाही की गई;

(घ) क्या गुरूग्राम जिले में तथा आसपास स्थापित हॅाट-मिक्स प्लाटों द्वारा ऊपर वर्णित अधिसूचना में उपलब्ध अन्य मानदण्ड पूरे किया गए हैं; तथा

(ड) क्या जिला गुरूग्राम में वर्गीकृत प्रतिक्रिया कार्य योजना( जी आर ए पी ) स्तर तीन के क्रियान्वयन से कोई अपशिष्ट जलाने तथा चल रही निर्माण गतिविधियों की कोई घटनाएं

सरकार के संज्ञान में आई है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## साइबर अपराध रोकना

17 **श्री राकेश दौलताबाद (बादशाहपुर):**

क्या गृह मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या राज्य में आनॅलाइन धोखाधड़ी की घटनाओं को रोकने के लिए कोई नई तकनीक लागू करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा
(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा फोन कॉल पर ओ.टी.पी. या अन्य माध्यम से बैंक खातों के ब्यौरे प्राप्त करके धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए या उठाए जाने की संभावना है ?

----

## राजकीय विद्यालयों की कुल संख्या

18 **श्री अभय सिंह चौटाला ( ऐलनाबाद):**

क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) वर्ष 2019, राज्य में राजकीय प्राथमिक, उच्च, माध्यमिक तथा वरिष्ठ माध्यमिकों विद्यालयों की कुल संख्या कितनी थी तथा वर्तमान में उक्त राजकीय विद्यालयों की संख्या कितनी है; तथा
(ख) उपरोक्त विद्यालयों में से सरकार द्वारा समायोजित किए गए राजकीय विद्यालयों की संख्या कितनी है ?

----

## डॉक्टरों तथा पैरा मेडिकल स्टॉफ के स्वीकृत पदों की कुल संख्या

19 **श्री अभय सिंह चौटाला ( ऐलनाबाद):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत चिकित्सा महाविद्यालयों, अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा ग्रामीण औषधालयों में डॉक्टरों तथा पैरा मेडिकल स्टॉफ के स्वीकृत पदों की आज तक कुल संख्या कितनी है तथा रिक्त पदों की संख्या कितनी है तथा स्वास्थ्य संस्थानवार उनका ब्यौरा क्या है ?

----

## लम्पी त्वचा रोग से संबंधित ब्यौरा

20 **श्री वरुण चौधरी ( मुल्लाना):**

क्या पशुपालन तथा डेयरी मंत्री कृपया बताएंगें कि राज्य मे लम्पी त्वचा रोग के प्रकोप के

संबंध में निम्नलिखित ब्यौरा क्या है;

क) प्रभावित गायों की संख्या कितनी है;
ख) लम्पी त्वचा रोग के कारण मृत गायों की संख्या कितनी है;
ग) गायों की मौत के मामले में मुआवजा पाने वाले किसानों की संख्या कितनी है तथा राज्य में उक्त बीमारी के प्रकोप के पश्चात् सरकार के साथ-साथ बीमा कंपनियों (सरकारी सहायता प्राप्त बीमा कार्यक्रम) द्वारा दी जाने वाली मुआवजे की राशि कितनी है?

----

## फसल अवशेषों का उपयोग

21 **श्री वरुण चौधरी ( मुल्लाना):**

क्या कृषि तथा किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगें कि राज्य में फसल अवशेषों के उपयोग के लिए सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई तथा फसल अवशेषों की कितनी मात्रा है जो अब तक उपयोग नहीं की गई है?

----

## बस अड्डे का पुनर्निर्माण करना

22 **श्री मेवा सिंह (लाडवा):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगें कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा पिपली बस अड्डे का पुनर्निर्माण कार्य आरम्भ करने की घोषणा पर सरकार द्वारा क्या कार्यवाई की गई तथा अभी तक पुनर्निर्माण कार्य आरम्भ नहीं किए जाने के कारण क्या हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## राक्षी तथा सरस्वती नदियों में पानी छोड़ना

23 **श्री मेवा सिंह (लाडवा):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि भूमिगत जल को रिचार्ज करने के लिए राक्षी तथा सरस्वती नदियों में पानी छोड़ने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां,तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

----

## रेडियोलॉजिस्ट नियुक्त करना

24 **श्री राम करण (शाहबाद):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगें कि शाहबाद के सरकारी अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट नियुक्त करने तथा अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध कराने का कोई प्रस्ताव सरकार के

विचाराधीन है?

----

## स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, चिकित्सकों तथा अन्य अमले की नियुक्ति करना

25 **श्री राम करण (शाहबाद):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, चिकित्सकों तथा अन्य अमले की नियुक्ति करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की भूमि किसानों को वापिस करना

26 **श्री दीपक मंगला ( पलवल):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 2011 में पलवल में सैक्टर-12 काटा गया था परन्तु सरकार द्वारा इसे अब तक विकसित नहीं किया है तथा किसानों के पुराने मकान अभी भी वहां बने हुए हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या उक्त सेक्टर का पुनः सर्वे करने तथा उक्त अविकसित क्षेत्र तथा वह क्षेत्र जिसमें किसानों के मकान बने हुए हैं, को किसानों को वापिस करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा उक्त प्रस्ताव के कब तक क्रियान्वित किए जाने की संभावना है ?

----

## पुल का निर्माण करना

27 **श्री दीपक मंगला ( पलवल):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या उटावड़ रजबाहा पर यादुपुर तथा पापड़ी के बीच एक पुल का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त पुल के कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## सी.सी.सड़क का निर्माण करना

28 **श्री घनश्याम सराफ ( भिवानी):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या भिवानी में रेड क्रास कार्यालय के सामने पड़ने

वाली मार्केट के आगे की सी.सी.सड़क का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है ?

----

## सड़क का निर्माण कार्य आरम्भ करना

29 **श्री घनश्याम सराफ ( भिवानी):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि भिवानी शहर में राष्ट्रीय राजमार्ग 709 ई का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है ?

----

## भवन के निर्माण के विरुद्ध शिकायत

30 **राव चिरंजीव ( रेवाड़ी):**

क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि राजकीय कन्या विद्यालय, रेवाड़ी के भवन के निर्माण के लिए कोई शिकायत प्राप्त हुई है; यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा जांच के लिए कोई नमूना लिया गया है या सरकार द्वारा मामले में जांच की गई है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## अनुपचारित सीवरेज पानी को छोड़ने से रोकना

31 **राव चिरंजीव ( रेवाड़ी):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि सरकार द्वारा सीवरेज का पानी उपचार के बाद मसानी बैराज में छोड़ा जा रहा है; यदि हां, तो वे कारण क्या हैं जिसकी वजह से खरखडा, खयालियावास तथा निगानियावास गांवों के निकट भूमिगत पानी दूषित हो गया है तथा मसानी बैराज में अनुपचारित सीवरेज का पानी छोड़ने से रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं ?

----

## चिकित्सा अमला पूरा करना

32 **श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगें-

(क) झज्जर के सामान्य अस्पताल में चिकित्सा अमले की स्थिति क्या है; तथा
(ख) उपरोक्त अस्पताल में अमले की रिक्तियों के कब तक भरे जाने की संभावना है?

----

## डा0 अम्बेडकर मेधावी छात्र योजना के अन्तर्गत छात्रवृतियों का ब्यौरा

**33 श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या अनुसूचित जातियों तथा पिछडे वर्ग मंत्री कृपया बताएंगे कि
(क) राज्य के शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जातियों तथा पिछडे वर्गों से संबंधित छात्रों के लिए डा0 अम्बेडकर मेधावी छात्र योजना तथा अन्य छात्रवृति योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति क्या है;
(ख) उपरोक्त छात्रवृतियों के लिए अर्हता का मानदंड क्या है; तथा
(ग) राज्य में वर्ष 2019-20 से आज तक अनुसूचित जातियों तथा पिछड़े वर्गों से संबंधित छात्रों को छात्रवृति के रूप में सरकार द्वारा किए गए भुगतान का वर्षवार ब्यौरा क्या है तथा लाभान्वित हुए छात्रों की संख्या कितनी है?

----

## इलैक्ट्रो होम्यापैथी प्रैक्टिस को मान्यता

**34 श्री सुधीर सिंगला (गुडगाँव):**

क्या आयुष मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) राज्य में इलैक्ट्रो होम्यापैथी प्रैक्टिस को मान्यता देने के मामले में सरकार द्वारा 06.03.2019 को एक समिति का गठन किया गया था; यदि हां, तो उसकी मान्यता की प्रक्रिया की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) उपरोक्त समिति के सभी सदस्यों के नाम क्या हैं; तथा
(ग) राज्य दवाओं की इलैक्ट्रो होम्यापैथी प्रणाली की प्रैक्ट्रिस को मान्यता देने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं ?

----

## पुल के निर्माण से संबंधित ब्यौरा

**35 श्री शीशपाल सिंह केहरवाला ( कालांवाली):**

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगें -
(क) कालांवाली शहर में रोड़ी सड़क पर निर्मित किये जा रहे पुल की निविदा कब आमत्रिंत की गई थी तथा इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है;
(ख) क्या उपरोक्त पुल के निर्माण के लिए सरकार द्वारा समय सीमा बढाई गई थी;
(ग) निर्धारित अवधि में उपरोक्त पुल के निर्मित न किए जाने के लिए कम्पनी के विरूद्व क्या कार्यवाही की गई; तथा
(घ) उपरोक्त पुल को जनता के लिए कब तक खोले जाने/ आरम्भ किए जाने की संभावना है तथा इसका ब्यौरा क्या है?

----

## एफ.आई.आर. से संबंधित ब्यौरा

36 **श्री शीशपाल सिंह केहरवाला ( कालांवाली):**

क्या गृह मंत्री कृपया बताएंगें किः-

क) उन व्यक्तियों के नाम क्या हैं जिनके विरूद्ध जिला सिरसा में नाथूसरी चोपटा के पुलिस स्टेशन में दिनांक 19.12.2015 को एफ.आई.आर. संख्या 253 दर्ज हुई है तथा इस मामले में सरकार द्वारा अब तक गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों के नाम क्या हैं; तथा
(ख) सरकार द्वारा आज तक सभी अपराधियों के अब तक गिरफ्तार न किए जाने के क्या कारण हैं ?

----

## दूषित पानी की समस्या का समाधान करना

37 **श्रीमती नैना सिंह चौटाला (बाढड़ा ):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगें कि बाढ़डा विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में गांव खेडी बूरा, झोझूकलां, चिड़िया, कादमा, बाढ़डा, बेरला, ढ़ाणी फोगाट, ककरोली हुकमी, ककरोली सरदारा, कारी मोढ़, दुधवा, खेड़ी सांवल, मेहराना तथा ऊन गांव में दूषित पानी की निकासी की समस्या का स्थाई समाधान कब तक किए जाने की संभावना है ?

----

## प्रोफेसरज तथा अन्य अमले की कमी को पूरा करना

38 **श्रीमती नैना सिंह चौटाला (बाढड़ा ):**

क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगें किः-

क) गांव कादमा में सेठ कालू राम राजकीय महाविद्यालय तथा दादरी जिला मुख्यालय में राजकीय स्नातकोत्तर में प्रोफेसरज तथा अन्य अमले की कमी को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं; तथा
(ख) बाढ़डा में राजकीय महाविद्यालय में सरकार द्वारा एम.एससी. भूगोल की वर्तमान सीटों को कब तक बढ़ाए जाने की संभावना है ?

----

## शिक्षण तथा गैर-शिक्षण अमले के स्वीकृत पदों की संख्या

39 **श्री अमित सिहाग ( डबवाली):**

क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगें किः-

क) डबवाली विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के राजकीय विद्यालयों में शिक्षण तथा गैर-शिक्षण अमले के स्वीकृत पदों की विद्यालयवार संख्या कितनी है; तथा
(ख) राजकीय विद्यालयों की संख्या कितनी है जो समायोजित कर दिए गए हंै या बंद

कर दिए गए हंै ?

----

## लंबित टयूबवैल कुनैक्शनों की संख्या

**40 श्री अमित सिहाग ( डबवाली):**

क्या बिजली मंत्री कृपया बताएंगें किः-

क) डबवाली विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र आज तक लंबित टयूबवैल कुनैक्शनों की संख्या कितनी है तथा प्रत्येक लाभार्थी का ब्यौरा क्या है तथा उक्त टयूबवैल कुनैक्शन किस समय से लंबित हंै;

(ख) उक्त टयूबवैल कुनैक्शन के विलम्बन के क्या कारण हैं; तथा

(ग) किसानों को उपरोक्त टयूबवैल कुनैक्शन कब तक जारी किए जाने की संभावना है ?

----

**चंडीगढ़.** **राजेन्द्र कुमार नांदल,**

**दिनांक 26 दिसंबर, 2022.** **सचिव**